Roll No. : [ | | | | | | | | | ]

कुल प्रश्नों की संख्या : 18]

Total No. of Questions : 18]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11

[Total No. of Printed Pages : 11

# K-241300-A

## हाई स्कूल परीक्षा / High School Examination

## विषय : सामाजिक विज्ञान

## Subject : Social Science

समय : 3 घण्टे]

Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 75

[Maximum Marks : 75

***नोट*** **:-** सभी प्रश्न हल कीजिए।

***Note*** **:-** Attempt all questions.

निर्देश (अ) : प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड है- खण्ड (अ), खण्ड (ब) एवं खण्ड (स)। खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति एवं खण्ड (स) में उचित संबंध जोड़िए से सबंधित प्रश्न है। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आवंटित है।

Instruction (A) : Question No. 1 is an objective type question. It has three Parts - Part (A), Part (B) and Part (C). Part (A) has multiple choice type questions. Part (B) has fill in the blanks and Part (C) has match the following. Each Part has 5 questions and each question carries 1 mark.

**प्रश्न-1** (खण्ड - अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए: [1x5=5]

(Part – A) Choose and write the correct option:

(i) एंडोसल्फान क्या है?

(अ) तेल (ब) कीटनाशक

(स) पेयजल (द) लौह पदार्थ

What is endosulfan?

(a) Oil (b) Pesticides

(c) Drinking water (d) Iron Ore

(ii) रंग के आधार पर इनमें से कौन मिट्टी का एक वर्ग नहीं है?

(अ) हरी (ब) लाल

(स) पीली (द) काली

Which of the following is not a class of soil on the basis of color?

(a) Green (b) Red

(c) Yellow (d) Black

(iii) भारत में अधिकतर धान की खेती की जा सकती है-

(अ) केवल खरीफ़ में (ब) केवल रबी में

(स) केवल जायद में (द) सभी मौसम में

In India, paddy can be mostly cultivated-

(a) Only in Kharif (b) Only in Rabi

(c) Only in Zaid (d) In all Seasons

(iv) गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों को कहते है-

(अ) ए.पी.एल. (ब) बी.पी.एल.

(स) सी.पी.एल. (द) आर.पी.एल.

People living below the poverty line are called-

(a) APL (b) BPL

(c) CPL (d) RPL

(v) शीत युध्द किन दो देशों के मध्य हुआ?

(अ) चीन एवं अमेरिका (ब) अमेरिका और रूस

(स) रूस एवं चीन (द) रूस एवं जर्मनी

Cold War took place between which two countries?

(a) China and America
(b) America and Russia
(c) Russia and China
(d) Russia and Germany

**प्रश्न-1** (खण्ड - ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: [1x5=5]

(Part - B) Fill in the blanks:

(i) विकास दर मापने का संकेत _____ है।

The signal for measuring growth rate is _____.

(ii) _____ की घोषणा से आर्थिक मंदी में लोगों को राहत मिली।

The announcement of ______ brought relief to the people in the economic recession.

(iii) तांबे का सर्वाधिक उपयोग _____ प्रेषण में किया जाता है।

Copper is used maximum in ____.

(iv) भारत में पहली फिल्म दादा साहेब फालके ने बनाई थी, जिसका नाम _____ था।

The first film in India was made by Dadasaheb Phalke. The name of the film is _____.

(v) चुनाव के लिए राजनैतिक दलों का पंजीकरण _____ संस्था में होता है।

Registration of political parties for elections is done in _____ organization.

प्रश्न-1 (खण्ड - स) उचित संबंध जोडिए: [1x5=5]

| (क) | (ख) |
|---|---|
| (i) वस्तु विनिमय का माध्यम | (अ) लोक सभा में |
| (ii) भारत में वित्त विधेयक सबसे पहले | (ब) पांच वर्ष की आयु तक |
| (iii) यूरेनियम | (स) मुद्रा |
| (iv) मानसिक विकास | (द) सूचना तंत्र का विकास |
| (v) वैश्वीकरण का प्रभाव | (इ) परमाणु खनिज |

(Part – C) Match the following:

| (A) | (B) |
|---|---|
| (i) Medium of exchange | (a) In Lok Sabha |
| (ii) First finance bill in India | (b) Upto 5 years of age |
| (iii) Uranium | (c) Currency |
| (iv) Mental development | (d) Development of Information technology |
| (v) Effect of Globalization | (e) Atomic mineral |

निर्देश (ब) : प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है)

Instruction (B) : Question No. 2 to 6 are very short answer type questions. Each question carries 2 marks. (Maximum word-limit of answer is 30 words)

प्रश्न-2 'अपशिष्ट पदार्थ' क्या है? [2]

What is 'waste material'?

प्रश्न-3 कोई दो जायद फसलों के नाम लिखिए। [1+1=2]

Write the names of any two Zaid crops.

प्रश्न-4 दो धात्विक खनिजों के नाम लिखिए। [1+1=2]

Write the names of two metallic minerals.

प्रश्न-5 सरकार के ऐसे कौन-कौन से कार्य हैं जो गरीबी को कम करने से सीधे जुड़े हुए हैं? [1+1=2]

What are the functions of the government that are directly related to reducing poverty?

प्रश्न-6 बफर स्टॉक क्या है? [2]

What is buffer stock?

निर्देश (स) : प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है)

Instruction (C) : Question No. 7 to 10 are very short answer type questions. Each question carries 3 marks. (Maximum word-limit of answer is 50 words)

प्रश्न-7 जनसंख्या या आबादी किसे कहते हैं? किसी देश की जनसंख्या में युवा वर्ग के लोग ज्यादा हैं, तो उस देश की आर्थिक व्यवस्था कैसी होगी? [2+1=3]

What is population? If there are more youth in the population of a country, then what will be the economic system of the country?

प्रश्न-8 उपनिवेशवाद क्या है? भारत किसका उपनिवेश था? [2+1=3]

What is colonialism? Whose colony was India?

प्रश्न-9 परमाणु बम से होने वाले भयानक नुकसान के बारे में लिखिए (कोई तीन) [1+1+1 =3]

Write about the terrible damage caused by an atomic bomb. (any three)

प्रश्न-10 बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ लाभ कैसे कमाती हैं? [3]

How do multinational companies make profits?

निर्देश (द) : प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है)

Instruction (D) : Question No. 11 to 14 are short answer type questions. Each question has internal option. Each question carries 4 marks. (Maximum word-limit of answer is 75 words)

प्रश्न-11 फॉसीवाद के चार लक्षण लिखिए। [1+1+1+1=4]

Write four characteristics of fascism?

अथवा

OR

द्वितीय विश्वयुध्द के चार कारणों का उल्लेख करें।

Mention four reasons for World War II.

प्रश्न-12 भाषा आधारित प्रदेश गठन से क्या-क्या सकारात्मक प्रभाव हुए? [1+1+1+1=4]

What were the positive effects of the formation of language based states?

अथवा

OR

अगर हिन्दू कोड बिल पारित नहीं होते तो भारत में महिलाओं की स्थिति पर क्या प्रभाव पड़ता?

If Hindu Code Bill (Law) would have not passed, what effect would have been on women of India?

प्रश्न-13 भू अधिग्रहण अधिनियम 2013 पर प्रकाश डालिए। (कोई चार) [1+1+1+1=4]

Throw light on land acquisition act 2013. (any four)

अथवा

OR

नवीनीकरण संसाधन एवं अनवीनीकरण संसाधन में क्या अन्तर है? (कोई चार)

What is the difference between renewable resources and non-renewable resources? (any four)

प्रश्न-14 राष्ट्र संघ की स्थापना के किन्ही चार सिध्दांतों को लिखिए। [1+1+1+1=4]

Write any four principles for the establishment of the League of Nations.

अथवा

OR

"1914 ई. में प्रारम्भ हुए युध्द को विश्वयुध्द कहा जाता है।" इस कथन की पुष्टि करें। (कोई चार बिन्दु)

The war that started in 1914 AD is called World War. Confirm this statement. (any four points)

निर्देश (इ) : प्रश्न क्रमांक 15 एवं 16 दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द है)

Instruction (E) : Question No. 15 and 16 are long answer type questions. Each question has internal option. Each question carries 5 marks. (Maximum word-limit of answer is 100 words)

**प्रश्न-15** सामाजिक आन्दोलन की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए (कोई पाँच) [1+1+1+1+1=5]

Write the main features of social movement. (any five)

**अथवा**

**OR**

नि:शस्त्रीकरण की आवश्यकता क्यों है?

Why was disarmament needed?

**प्रश्न-16** यदि भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैकों पर नियंत्रण नहीं रखे, तो मुद्रा एवं साख व्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा? [1+1+1+1+1=5]

If the Reserve Bank of India does not control commercial banks what will be the impact on the currency and credit system?

**अथवा**

**OR**

ऋण किसे कहते है? ऋण के लिए शर्तें जैसे ब्याज दर, समय, जमानत, गिरवी आदि की आवश्यकता क्यों होती है?

What is loan? Why some conditions like interest rate, time, guarantor, mortgage etc. are essential for loan?

निर्देश (फ) : प्रश्न क्रमांक 17 एवं 18 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द है)

Instruction (F) : Question No. 17 and 18 are long answer type questions. Each question has internal option. Each question carries 6 marks. (Maximum word-limit of answer is 150 words)

प्रश्न-17 . जनसंचार माध्यमों के लाभ व हानि लिखिए। [3+3=6]

Write the advantages and disadvantages of mass media.

अथवा

OR

मुद्रित माध्यम और टी.वी. के संप्रेषण में आप क्या समानता और अन्तर देखते है?

What similarities and differences do you see between print media and T.V. communication?

**प्रश्न-18** भारतीय लोकतंत्र में प्रधानमंत्री एक धुरी के रुप में काम करता है। वह मनमानी नहीं करें और तानाशाह न बने इसको किन-किन तरीकों से सुनिश्चित किया गया है? [1+1+1+1+1+1=6]

In Indian democracy the Prime Minister work like an axis. He should not be autocratic and become dictator, for this which methods are precised?

**अथवा**

**OR**

भारत के राष्ट्रपति की शक्तियों व कार्यों की संक्षेप में विवेचना कीजिए। (कोई छह)

Briefly discuss the powers and functions of the President of India. (any six)